तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 डेफ एवं इनऑपरेटिव खातों की राशि शासकीय ...

12 बालिकाओं को कानूनी अधिकार, संरक्षण और...


# आनंद मेला में मिर्ची भजिया और चना चाट का स्वाद लोगों ने चखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस करीतगांव ब्लाक बकावंड में वार्षिकोत्सव एवं आनंद मेला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समीप दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना से की गई। कक्षा 3री से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत से एवं नाटक की प्रस्तुति देकर मनोरंजन किया। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंको से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार दिया। वही आनंद मेले में 18 खाने के एवं दो खेल गतिविधि वाले स्टाल लगाए गए। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ राम कश्यप ने फीता काटकर आनंद मिले का शुभारंभ किया और सभी स्टालों में पहुंचकर खाने का स्वाद लिया। आनंद मेला के आयोजन में सहयोग चारूलता दीक्षित का रहा। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को स्टॉल जमाने में मदद किए। स्टॉल में पानी पुरी, भेलपुरी, आलू टिक्की, चना चाट, समोसा, मिर्ची भजिया, ब्रेड पकोड़ा, पपीता भजिया, आलू भजिया, केला भजिया, मिर्ची भजिया, चटनी, गुलगुला भजिया, तीखुर, फल सलाद एवं लगभग 35 प्रकार के व्यंजनों थे। आनंद ▶▶| शेष पेज 12 पर

## वार्षिक उत्सव में पहुंचे नेता और अधिकारी




### ये रहे उपस्थित

इस दौरान तरूण पाण्डे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बकावण्ड, पुरुषोत्तम जोशी, एस.एम.डी.सी अध्यक्ष, सेजेस करीतगांव, कुसुम बघेल सरपंच, करीतगांव, अंबाली बघेल सरपंच, गुमडेल, शर्मिला कश्यप ,सरपंच, कोहकापाल, चंद्रशेखर यादव खंड शिक्षा अधिकारी बकावण्ड, सोन सिंह बघेल, बी.आर.सी., डेंसनाथ पांडे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी, लुप्तेश्वर आचार्य व्याख्याता समेत अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बैंड-बाजे, आतिशबाजी और जयघोष के बीच भगवान बालाजी की निकली भव्य बारात



**जगदलपुर।** बालाजी मंदिर के रजत जयंती महोत्सव के चौथे दिन भीष्म एकादशी के पावन अवसर पर महाअभिषेक और श्रीनिवास कल्याणम की प्रमुख रस्में परंपरागत विधि-विधान के साथ संपन्न हुईं। शाम को प्रतापदेव वार्ड स्थित मद्दी सप्तगिरि तथा दादाबाड़ी के समीप निवास से भगवान की पूजा-अर्चना के उपरांत बारात निकाली गई। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजे और आतिशबाजी के साथ निकली बारात में भक्तगण भक्ति-भाव में डूबकर जमकर नाचे। बस्तर अंचल के अलावा रायपुर, दुर्ग, भिलाई, चरौदा, कोरबा, बिलासपुर, चिरमिरी सहित आंध्र प्रदेश, ओड़िशा और महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिन्हें देखते हुए मंदिर परिसर में विशेष व्यवस्थाएँ की गईं। देर शाम मंदिर पहुंचने पर श्रीनिवास कल्याणम की पूजा प्रारंभ हुई, जो रात 12 बजे तक चली। पंडितों की उपस्थिति में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मंत्रोच्चार और वर-वधु पक्ष के संवादों के बीच भगवान श्रीनिवास और माता लक्ष्मी का विवाह संस्कार भक्तों के समक्ष संपन्न कराया गया। पूरे आयोजन में अनुशासन, व्यवस्था और आध्यात्मिक गरिमा बनी रही। इस दौरान श्रीनिवास कल्याणम विधान में वर और वधू पक्ष की भूमिका सप्तगिरि मद्दी परिवार और के. आदिनारायण राव परिवार ने निभाई।

### एनएच में सड़क से उतरी कार, वकील का टूटा पैर



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 स्थित फरसागुड़ के करीब गुरुवार सुबह हुए सड़क हादसे में शहर के युवा वकील घायल हो गए। बताया जा रहा है कि जगदलपुर से कोण्डागांव जाने के दौरान कार पुल से टकराकर सड़क से उतरकर ▶▶| शेष पेज 12 पर

## जलाऊ के साथ पकड़ा गया 14 चक्का वाहन, राजसात की कार्रवाई

# सवा लाख की 16 टन अकेशिया जलाऊ लकड़ी सहित ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/तोकापाल

- नारंगी वन बुरूंगपाल से दो ग्रामीण पकड़ाए

वन विभाग ने चित्रकोट परिक्षेत्र के बुरंगपाल के नारंगी वन से 1.28 लाख रूपए का अकेशिया जलाऊ 16 टन ट्रक सहित दो ग्रामीणों को पकड़ा। इसमें जलाऊ एवं 15 लाख के 14 चक्का ट्रक जब्त कर ट्रक को राजसात की कार्रवाई जा रही है। इस कार्रवाई से काष्ठ तस्करों में हड़कंप है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गुर्राम निवासी 38 वर्षीय सोमारू नाग एवं ट्रक चालक मध्यप्रदेश के रीवा निवासी शक्तिमान कोरी ने बस्तर जिले के चित्रकोट परिक्षेत्र के बुरंगपाल के नारंगी वन कक्ष क्रमांक 849 से अशोक लिलेंड 14 चक्का ट्रक से अकेशिया जलाऊ 10 चटटा यानि 16 टन को ▶▶| शेष पेज 12 पर

### काष्ठ, वन्यजीवों की तस्करी रोकें

वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने क्षेत्र के एसडीओ एवं रेंजर को निर्देश दिया कि मैदानी कर्मचारी जंगल में सर्चिंग करें, जिससे जंगल एवं वन्य जीवों को बचा सकें, जिससे काष्ठ और वन्यजीवों की तस्करी पर रोक लग सके।



### 3.351 घन मीटर सागौन चिरान बरामद

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़मिरी में गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सागौन के हाथ आरा चिरान फारा 175 नग, कुल 3.351 घन मीटर, जब्त की गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी डॉ. प्रीतेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। इस दौरान कोसा पिता देवा एवं भीमा पिता हिड़मा, निवासी ग्राम गढ़मिरी के विरुद्ध काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 के अंतर्गत जप्ती कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 15455/02 एवं 15455/03 पंजीबद्ध किया गया है। यह कार्रवाई मुख्य वन संरक्षक आलोक तिवारी के निर्देशन, वनमण्डलाधिकारी ▶▶| शेष पेज 12 पर



## उपार्जन केंद्र पापनपाल में अनियमितता खरीदी प्रभारी और ऑपरेटर बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- 384 क्विंटल धान कम मिला, स्टेक सही नहीं लगा, गणना में भी गड़बड़ी
- पुलिस में भी मामला होगा दर्ज

जिला विपणन अधिकारी एवं तहसीलदार बीजापुर ने उपार्जन केंद्र पापनपाल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपार्जन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर खरीदी प्रभारी एवं ऑपरेटर की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश पर 27 जनवरी को तहसीलदार पंचराम सलामे, जिला विपणन अधिकारी तामेश सिंह नागवंशी, सहकारिता निरीक्षक एवं खाद्य निरीक्षक की संयुक्त टीम ने केंद्र का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में 384 क्विंटल धान कम पाया गया। यह भी सामने आया कि धान का स्टेक सही तरीके से नहीं लगाया गया था, जिससे बोरों की गणना में गड़बड़ी पाई गई। इसके अलावा गेट पास में खरीदी प्रभारी ने स्वयं का फोटो लिया था जो नियमों का उल्लंघन है। स्टेकिंग व्यवस्था दुरुस्त न होने के कारण भंडारण एवं लेखा-जोखा सही ढंग से नहीं हो पा रहा था।



### प्रकरण भी कराया जाएगा पंजीबद्ध

प्रथम दृष्टया उपार्जन केंद्र में गंभीर गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए समिति की प्रबंध कार्यकारिणी ने खरीदी प्रभारी एवं ऑपरेटर को सेवा से पृथक कर दिया है। वहीं प्रभारी खाद्य अधिकारी ने मामले की विस्तृत जांच प्रतिवेदन के आधार पर सहायक आयुक्त, सहकारिता को पुलिस में प्रकरण पंजीबद्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट नहीं होने पर वाहनों पर होगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परिवहन विभाग वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट के बस्तर जिले में जांच अभियान कर रहा है, जिसमें एचएसआरपी नहीं होने पर जुर्माना किया जाएगा। आरटीओ ने संभागीय मुख्यालय से रायपुर, दंतेवाड़ा, कोंटा, बीजापुर एवं ओडीसा रोड में वाहनों की जांच की जाएगी। परिवहन विभाग के अनुसार बस्तर जिले में 1.75 लाख वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाया जाएगा। विभाग के दफ्तर में वाहन मालिकों के मोबाइल रजिस्ट्रेशन एवं प्लेट लगाने का काम शुरू हो चुका है। आरटीओ से मिली जानकारी के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली के द्वारा सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया है। इसके तहत वर्ष मार्च 2019 के पहले के वाहनों में लगे नंबर प्लेट को बदलकर हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाया जा रहा है।



### मोबाइल नंबर किया जा रहा अपडेट

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट में वाहन स्वामी के पंजीकृत वाहन में मोबाइल नंबर अपडेट किया जा रहा है।

## इमली की आवक शुरू, मंडी में दिखी रौनक

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के मंडियों में इमली सीजन की शुरूआत के साथ ही आवक देखने को मिल रही है, जिससे व्यापार में रौनक लौट आई है। फरवरी और मार्च के दौरान इमली की फसल पकने पर आवक तेज होगी। कृषि उपज मंडी में पिछले कुछ दिनों से इमली की आवक शुरू होने से एक बार फिर मंडी की रौनक आ गई है, छोटे व्यापारियों के साथ हमालों ने राहत की सांस ली है।



बस्तर में इमली की पैदावार बहुतायत से होती है और अभी तक जिले के ▶▶| शेष पेज 12 पर

## शासकीय दस्तावेजों का संधारण और परिसर की साफ सफाई दुरुस्त रखें

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने गुरुवार की सुबह कलेक्टर कार्यालय और संयुक्त कार्यालय में संचालित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थिति शासन द्वारा निर्धारित समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय परिसर के आसपास साफ-सफाई रखने और शासकीय दस्तावेजों का बेहतर संधारण के ▶▶| शेष पेज 12 पर



## 24 घंटे में प्रवीण को दिलाई गई ट्राइसाइकिल

# जहां थमी थी दिव्यांग मासूम की चाल, वहां मंत्री ने थामा हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- दिव्यांग की राह हुई आसान

कभी हाथों के सहारे रेंगकर चलने वाला मासूम प्रवीण नूरेटी आज मुस्कुरा रहा है। क्योंकि उसके सपनों को पंख मिल गए हैं। वायरल हुए एक भावुक वीडियो ने पूरे प्रदेश का ध्यान खींचा और वनमंत्री एवं नारायणपुर विधायक केदार कश्यप ने तुरंत संज्ञान लेते हुए मानवता की मिसाल पेश की।

सोनपुर बांधपारा निवासी प्रवीण जन्म से ही दिव्यांग है और चलने में असमर्थ है। पहली कक्षा में पढ़ने वाला यह बच्चा अपने दोस्तों के साथ बाजार देखने जाने की इच्छा रखता था, लेकिन शारीरिक असमर्थता उसके सपनों के बीच दीवार बन गई थी। वीडियो देखते ही वनमंत्री केदार कश्यप ने जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। नतीजा यह रहा कि 24 घंटे के भीतर मासूम प्रवीण को व्हीलचेयर और ट्राइसाइकिल उपलब्ध करा दी गई।



व्हीलचेयर और ट्राइसाइकिल मिलने के बाद प्रवीण की आंखों में चमक और चेहरे पर मुस्कान देखने लायक थी। वहीं इस संवेदनशील पहल के लिए मासूम के परिजनों में नयी उम्मीद और खुशी की लहर दौड़ गयी, जहां सभी ने मंत्री केदार कश्यप का आभार जताया।

मंत्री ने कहा सरकार का कर्तव्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचे। किसी मासूम की पीड़ा को अनदेखा नहीं किया जा सकता। प्रवीण जैसे बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना साय सरकार की जिम्मेदारी है और उसकी हर संभव सहायता के लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे।

### *कभी नक्सलगढ़ था सोनपुर*

*सोनपुर गांव नक्सल प्रभावित क्षेत्र में आता है, जहां कभी लोग जाने से डरते थे। आज वही क्षेत्र विकास की नई कहानी लिख रहा है। सड़क, बिजली, नेटवर्क और मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ अब मानवीय संवेदनाओं को भी मजबूत किया जा रहा है।*



**खबर संक्षेप**

## स्वास्थ्यकर्मियों को आंशिक राहत, 13 माह की लंबित राशि में से 6 माह का हुआ भुगतान



**नारायणपुर।** जिले में कार्यरत डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को लंबे इंतजार के बाद आंशिक राहत मिली है। पिछले 13 महीनों से लंबित सीआरएमसी छत्तीसगढ़ रूरल मेडिकल कोर प्रोत्साहन राशि में से जनवरी 2025 से जून 2025 तक की राशि जिला कोषालय एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से जारी कर दी गई है। यह राशि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत डॉक्टरों, स्टाफ नर्सों, आरएमए एवं एएनएम के खातों में जमा की गई है। हालांकि, जून 2025 के बाद के 7 महीनों की सीआरएमसी राशि अब भी लंबित है, जिससे स्वास्थ्यकर्मियों में असंतोष बना हुआ है।
स्वास्थ्यकर्मियों ने स्पष्ट किया कि सीआरएमसी कोई अतिरिक्त लाभ नहीं, बल्कि दुर्गम एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जोखिम भरी परिस्थितियों में दी गई सेवाओं के लिए दिया जाने वाला वैधानिक प्रोत्साहन है। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि नारायणपुर जैसे अति-संवेदनशील क्षेत्रों में नक्सली घटनाओं, आपातकालीन ड्यूटी, पोस्टमार्टम, स्वास्थ्य शिविरों एवं दुर्गम इलाकों में निरंतर सेवाएँ देना अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है। इसके बावजूद महीनों तक भुगतान लंबित रहना उनके मनोबल को प्रभावित करता है। स्वास्थ्यकर्मियों ने राज्य शासन से शेष 7 माह की लंबित सीआरएमसी राशि का शीघ्र भुगतान करने की मांग की है, ताकि उनके परिश्रम, समर्पण एवं जोखिम भरे कार्यों का उचित सम्मान हो सके। उन्होंने सरकार से भविष्य में सीआरएमसी भुगतान को नियमित एवं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने की भी अपील की है।

## सामाजिक न्याय समानता और शिक्षा के संदेश को किया याद



**कोण्डागांव।** बाबा साहेब सेवा संस्था द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती अत्यंत गरिमामय और प्रेरणादायक वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के प्रति जागरुकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के सशक्तिकरण के प्रतीक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक विषमता को समाप्त करने के लिए समर्पित कर दिया। जयंती के अवसर पर जननायक कर्पूरी ठाकुर के प्रमुख योगदानों को विशेष रूप से याद किया गया। मुंगेरीलाल आयोग बिहार में पिछड़ा वर्ग आरक्षण लागू कर सामाजिक समानता की नींव रखी। शिक्षा में सुधार गरीब बच्चों के लिए मैट्रिक तक शिक्षा निःशुल्क की और अंग्रेजी की अनिवार्यता समाप्त की।

# मुख्यमंत्री आज देंगे जिले को 347 करोड़ 16 लाख से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले के विकास को नई गति देने के उद्देश्य से विष्णु देव साय नारायणपुर जिले को आज करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री साय जिले में विभिन्न विभागों के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। जिले में कुल 358 विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा, जिनकी लागत 347 करोड़ 16 लाख 03 हजार रुपए है।

### 358 विकास कार्यों का सीएम साय करेंगे लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**पुल, पुलिया, छात्रावास सहित अन्य कार्य होंगे**



*मुख्यमंत्री द्वारा 320 कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा, जिनकी लागत 316 करोड़ 70 लाख 03 हजार रुपये है। जिसमें सड़क, पुल एवं पुलिया के 85 कार्य के लिए 268 करोड़ 26 लाख 18 हजार रुपये, स्कूल भवन, आश्रम छात्रावास निर्माण एवं जीर्णोद्धार के 76 कार्य लिए 10 करोड़ 24 लाख 32 हजार रुपये, पेयजल आपूर्ति के 43 कार्य के लिए 15 करोड़ 17 लाख 22 हजार रुपये, विद्युत विस्तार के 23 कार्य के लिए 9 करोड़ 97 लाख 45 हजार रुपये, अन्य 93 कार्य के लिए 13 करोड़ 04 लाख 82 हजार रुपये शामिल हैं। इन विकास कार्यों से जिले के दूरस्थ एवं अंदरूनी क्षेत्रों में आवागमन, शिक्षा, पेयजल, बिजली एवं बुनियादी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी।*

जिले में 38 कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा, जिनकी लागत 30 करोड़ 46 लाख रुपए है। जिसमें सड़क, पुल एवं पुलिया के 9 कार्य के लिए 9 करोड़ 64 लाख 14 हजार रुपए, स्कूल, आश्रम छात्रावास एवं जीर्णोद्धार के 7 कार्य के लिए 2 करोड़ 89 लाख 19 हजार रुपए, पेयजल आपूर्ति के 10 कार्य के लिए 6 करोड़ 62 लाख 64 हजार रुपये, विद्युत विस्तार के 6 कार्य के लिए 4 करोड़ 88 लाख 55 हजार रुपये, अन्य 6 कार्य के लिए 6 करोड़ 41 लाख 48 हजार रुपये शामिल हैं।

### साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने योजनाओं व निर्माण कार्यों की समीक्षा की

# डेफ एवं इनऑपरेटिव खातों की राशि शासकीय कोष में शीघ्र जमा करेंः नुपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं कार्योंर् में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने ऐसे शासकीय डेफ एवं इनऑपरेटिव खातों, जिनकी राशि अब तक शासकीय कोष में जमा नहीं की गई है, उन्हें शीघ्र जमा कराने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय–सीमा में राशि जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के वेतन पर रोक लगाई जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि डेफ अकाउंट, जो 10 वर्षों से अप्रचलित हैं तथा इनऑपरेटिव अकाउंट, जो 2 वर्षोंर् से निष्क्रिय है। उनकी राशि निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत चालान के माध्यम से शासकीय कोष में जमा की जानी है। खाताधारक नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण कर अपनी राशि पुनः प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान सभी विद्यार्थियों का आधार पंजीयन एवं अपार आईडी पंजीयन समय–सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देश

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव की सुविधाएं बढ़ाने पर बल दिया, ताकि जिला अस्पताल पर दबाव कम हो सके। साथ ही टीकाकरण यू–विन पोर्टल में एंट्री, आयुष्मान भारत एवं वय वंदन योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

### महिला एवं बाल विकास की योजनाओं पर फोकस

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, टीएचआर सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी आंगनबाड़ी भवनों में विद्युत, शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### अन्य योजनाओं की भी हुई समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, जल जीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

### शैक्षणिक गतिविधियों और सुविधाओं का लिया जायजा



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को कोंडागांव स्थित पीएम श्री स्कूल जामपदर का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्राचार्य एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि पीएम श्री विद्यालय के लिए निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं और संसाधन समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किए जाएं। कलेक्टर ने पीएम श्री योजना अंतर्गत निर्मित नवीन अतिरिक्त कक्ष में मुस्कान पुस्तकालय एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने माध्यमिक शाला एवं पीएम श्री प्राथमिक शाला को एक ही प्रांगण में समन्वय के साथ गतिविधियां संचालित करने तथा विद्यालय परिसर में हर्बल गार्डन विकसित करने के निर्देश भी दिए। विद्यालय में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कलेक्टर ने डीएमसी को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, डीएमसी ईमल बघेल, बीईओ एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने बंधा तालाब में चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- स्वच्छ एवं सुंदर कोंडागांव के लिए हर रविवार अभियान
- स्वच्छता जीवन की प्राथमिकता : नपा अध्यक्ष

शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद वारा प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। 25 जनवरी को न ग र पा लि का अध्यक्ष नरपति पटेल एवं न ग र पा लि का उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी के मार्गदर्शन में बंधा तालाब में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके तहत तालाब से जलकुंभियों को हटाया गया। अभियान में पूर्व सैनिकों के साथ–साथ निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि साफ–सफाई हमारे जीवन का महत्वपूर्ण पहलू है और स्वच्छता को जीवन की प्राथमिकता बनाना चाहिए, क्योंकि इससे अनेक समस्याओं से बचा जा सकता है। नपा उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने कहा कि स्वच्छता का अर्थ सफाई से रहने की आदत है। स्वच्छता से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि तन और मन दोनों को सुख मिलता है। न ग र पा लि का अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा स्वच्छता अभियान में सहयोग करने वाले सभी युवक एवं युवतियों को जलपान कराया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव के

संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिला अध्यक्ष सूरज यादव, पूर्व सैनिक राकेश धीवर, श्रीकांत तिवारी, ढालेश साहू, तथा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 65 युवक–युवतियां उपस्थित रहे। सभी ने कोंडागांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया।

# बकरी के पेट से निकाला गया 7 किलो से अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



पशु चिकित्सालय में पशुपालन विभाग के चिकित्सक डॉ. ढालेश्वरी साहू एवं दुर्गा प्रसाद साहू की सयुंक्त टीम द्वारा एक गंभीर आपरेशन करके बकरी के पेट से 7 किलो से अधिक पॉलिथीन एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थ निकाला गया। पशु मालिक संगीता राव ने बताया कि, बकरी पिछले कई दिनों से खाना नहीं खा रही थी, पेट फूलना, कमजोरी एवं जुगाली बंद होने जैसे लक्षण दिखाई दे रहे थे। लक्षणों को देखते हुए, पशु चिकित्सकों द्वारा गहन जांच के बाद यह पाया गया कि बकरी के रूमेन पेट में भारी मात्रा में पॉलिथीन जमा हो गई है, जिसके कारण पाचन पूरी तरह बाधित हो गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल ऑपरेशन का निर्णय लिया गया। सफल ऑपरेशन के दौरान बकरी के पेट से 7 किलो से अधिक पॉलिथीन, प्लास्टिक एवं कचरा निकाला गया। ऑपरेशन के बाद बकरी की स्थिति में सुधार है और उसे आवश्यक दवाइयाँ, तरल पदार्थ एवं देखभाल दी जा रही है।

### पॉलिथीन खुले में न फेकें

इस घटना के माध्यम से पशु चिकित्सकों ने पशुपालकों एवं आम जनता से अपील की है कि पॉलिथीन का खुले में उपयोग एवं फेंकना बंद करें, क्योंकि पशु इसे चारा समझकर खा लेते हैं, जिससे उनकी जान को गंभीर खतरा हो सकता है। यह न केवल पशुओं के स्वास्थ्य के लिए, बल्कि पर्यावरण के लिए भी अत्यंत हानिकारक है। पशुपालकों को सलाह दी गई है कि पशुओं को स्वच्छ स्थान पर रखें, कचरा-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करें तथा किसी भी असामान्य लक्षण पर तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करें।

# मेरा भारत, मेरा वोट थीम पर दिलाई गई मतदान की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला कार्यालय में भव्य कार्यक्रम
- लोकतंत्र की मजबूती का लिया गया संकल्प



राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मेरा भारत, मेरा वोट थीम पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी उपस्थितों को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाकर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने नए मतदाताओं का स्वागत किया और कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक वोट की अहम भूमिका होती है। उन्होंने युवाओं से मताधिकार के प्रति जागरूक रहते हुए हर चुनाव में मतदान करने की अपील की। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े प्रश्न युवाओं से पूछे। सही उत्तर देने वाले युवाओं को मंच से पुरस्कृत भी किया गया, जिससे युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चाली ठाकर ने आभार व्यक्त करते हुए नए मतदाताओं से लोकतंत्र को सशक्त बनाने में सहयोग की अपील की। एसआईआर में शतप्रतिशत उपलब्धि पर 06 बीएलओ सम्मानित, प्रत्येक बीएलओ को मिला 5 हजार रुपये का प्रोत्साहन, दोनों विधानसभा क्षेत्रें से हुआ चयन विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में शतप्रतिशत फार्म वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने पर कुल 06 बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ को सम्मानित किया गया।

### केशकाल विधानसभा क्षेत्र से सम्मानित बीएलओ

हरीश कुमार यादव, दीपक कुमार नेताम, नितेश कुमार कोर्राम, कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र से सम्मानित बीएलओ – निरगुन मारम, मितेश कुमार डड़सेना, हरीश देवांगन। प्रत्येक सम्मानित बीएलओ को 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी–कर्मचारी, वेणुगोपाल राव सहित बड़ी संख्या में युवा मतदाता उपस्थित रहे।

### विद्यालय मैदान के दुरुपयोग पर रोक लगाने की उठी मांग

**कोण्डागांव।** महात्मा गांधी वार्ड स्थित पीएम श्री आत्मानंद स्कूल के विद्यालय मैदान के दुरुपयोग को लेकर छात्र–छात्राओं ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में विद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं द्वारा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव को पत्र प्रेषित किया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि विद्यालय परिसर के मैदान में प्रस्तावित न्यायालय भवन का निर्माण कार्य स्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है, जिसके लिए छात्र–छात्राओं द्वारा आभार व्यक्त किया गया है। छात्रों ने पत्र में यह भी बताया है कि वर्तमान में विद्यालय मैदान में शादी–विवाह, कथा एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन की अनुमति दी जा रही है। इन आयोजनों के दौरान टेंट, डीजे लाउड स्पीकर एवं अन्य गतिविधियों के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है तथा दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

## पेज 11 के शेष

### आनंद मेला में...

मेले में व्यंजन की कीमत चुकाकर सभी ने खाने का आनंद लिया। अतिथिगण एवं पालकगण ने व्यंजन को सेहतमंद एवं स्वादिष्ट बताया। जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल ने बोर्ड परीक्षा के लिए तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को अच्छे अंक लाने एवं मेरिट में स्थान पाने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन राजेंद्र कलिहारी एवं सागरिका गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य मोनिता पानिग्राही ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग की सराहना की।

### सवा लाख की...

तेलंगाना ले जाने का प्रयास कर रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर सीसीएफ आलोक कुमार तिवारी, डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता तथा एसडीओ योगेश कुमार रात्रे के निर्देश पर रेंजर प्रकाश ठाकुर के नेतृत्व में डिप्टी रेंजर राजकुमार मिश्रा की टीम ने स्थल पहुंचकर एक लाख 28 हजार के 16 टन जलाऊ को आरोपियों के साथ पकड़ा । विभाग ने पंचनामा कर वन अधिनियम 1927 की धारा 331 (क) धारा 52 छग वनोपज (व्यापार विनियम) अधिनियम 1969 की धारा 5, धारा 15, 16 अभिवहन (वनोपज) नियम 2001 की नियम 3, 20, 22 के तहत कार्रवाई की। डिप्टी रेंजर ने बताया कि सूचना पर तीन दिनों से सर्चिंग में जुटे रहे, उसके बाद जलाऊ ट्रक सहित पकड़ा गया।

### 3.351 घन मीटर...

रंगानाधा रामाकृष्णा वाय के मार्गदर्शन तथा उपवनमण्डलाधिकारी द्रौपती ठाकुर के नेतृत्व में की गई। जिसमें वन विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों सोहन लाल वर्मा, जे.पी. मिश्रा, संतोष नाग, लक्ष्मीनारायण नागे, परिसर रक्षक कोमल राम साहू (चंदेनार) एवं रामलाल नेताम, वनरक्षक दुष्यंत निषाद, चिंगड़ू राम सोरी, मिच्चा लखमी, चमरू राम नाग, शिवराम मंडावी, ललित मांझी, भूषण नेताम, दानसाय वट्टी का योगदान रहा।

### इमली की आवक...

साप्ताहिक बाजार में लगभग 15-20 क्विंटल से अधिक की खरीदी की जा चुकी है। इस प्रकार बस्तर से इमली बाहर भेजे जाने में यह प्रमुख निर्यातक क्षेत्र बन गया है। कृषि उपज मंडी जगदलपुर के निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार ने बताया कि इस वर्ष स्थानीय मंडी में गुणवत्ता के अनुसार इमली की खरीदी 3500-4000 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीदी बिक्री चल रही है।

कई राज्यों में महकती है बस्तर की इमली

कृषि उपज मंडी सचिव जितेन्द्र दुबे ने बताया कि बस्तर की इमली गूदेदार होने के कारण दक्षिण भारत में ज्यादा जाती है। इस संबंध में यह भी बताया कि बस्तर से इमली तमिलनाडू, आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना सहित दक्षिण भारत के राज्यों के साथ उत्तरप्रदेश के कई राज्यों में भेजी जाती है। वहां पर इस इमली का मूल्य बढ़ा चढ़ा रहता है।

### शासकीय दस्तावेजों का...

लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किए। इसके अलावा कलेक्टर ने निर्वाचन कार्यालय के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस अवसर विभिन्न दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एनएच में सड़क...

गहराई में चली गई। हादसे में कार सवार के पैर में गंभीर चोटें आईं है। जानकारी के मुताबिक शहर के हाईस्कूल रोड निवासी अधिवक्ता अभय शुक्ला किसी काम से जगदलपुर से कोण्डागांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान भानपुरी थाना क्षेत्र के फरसागुड़ा मुख्य मार्ग में पुलिया से टकराकर कार सड़क से उतरकर गहराई में चली गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में पुल के डिवाइडर से टकराकर कार का पहिया भी बाहर निकल गया। घटना की सूचना तत्काल भानपुरी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस व राहगीरों की मदद से घायल वकील अभय शुक्ला को बाहर निकाला गया। तत्काल उन्हें उपचार के लिए भानपुरी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया जहां उनका उपचार जारी है। भानपुरी टीआई ने बताया कि घटना सुबह लगभग 10 बजे हुआ जब अनियंत्रित कार पुल से टकराकर सड़क के नीचे उतर गई। गनीमत थी कि चालक को अधिक चोट नहीं आई।

### अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल

# कानूनी अधिकार, संरक्षण और न्यायिक प्रक्रियाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- बालिका बाल गृह कोण्डागांव में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्या या धी श ध अ ध्य क्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में बालिका बाल गृह कोण्डागांव में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती गायत्री साय के द्वारा किया गया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, संरक्षण से संबंधित कानूनों एवं न्यायिक प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान करना रहा, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक एवं सशक्त बन सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री साय ने कहा कि बालिकाएं समाज की आधारशिला हैं और उनके अधिकारों की रक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए विधिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा के महत्व, आत्मनिर्भर बनने तथा किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बालिका गृह की अधीक्षिका मीणा शर्मा, अन्य कर्मचारीगण तथा अधिकार मित्र लोकेश कुमार यादव एवं निशांक साहू उपस्थित रहे।

### बाल संरक्षण व महिला कानूनों पर दी जानकारी

*इस दौरान प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी रीमा लकड़ा ने बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, एवं महिला व बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों की जानकारी सरल भाषा में दी। साथ ही बालिकाओं की जिज्ञासाओं का समाधान कर उन्हें न्यायिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।*

### समस्या होने पर प्राधिकरण से संपर्क का आह्वान

*कार्यक्रम में बालिकाओं को उनके विधिक अधिकारों, शिक्षा का अधिकार, महिला एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली योजनाओं तथा किसी भी समस्या की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।*

# नन्हे-मुन्नों की प्रस्तुति ने मन मोह लिया और तालियां बटोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

पीएम श्री सेजेस लोहंडीगुड़ा विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विनायक गोयल रहे। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, एसएमडीसी अध्यक्ष बसंत कश्यप, मंडल अध्यक्ष मंगतूराम कश्यप, मंडल उपाध्यक्ष नरेश खापर्डे एवं बीईओ शालिनी तिवारी कीउपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं विद्यालय के प्राचार्य अशोक खापर्डे ने दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात प्राचार्य द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों, सह शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यालय की प्रगति का विस्तृत विवरण दिया गया। उन्होंने इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को उनके निष्ठावान एवं समर्पित प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम भव्य रूप ले सका। इसके



पश्चात विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों लिटिल चैंप्स द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य एवं गीत ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और भरपूर तालियां बटोरीं।

मुख्य अतिथि विधायक विनायक गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यालय के विकास हेतु विद्यालय के मुख्य द्वार सौंदर्यीकरण के लिए 3 लाख रुपये की घोषणा की, जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण बना। कार्यक्रम के अंत में उपप्राचार्य जयंती पिल्लै द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने मुख्य अतिथि, समस्त विशिष्ट अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह वार्षिकोत्सव विद्यालय परिवार के लिए एक स्मरणीय एवं प्रेरणादायी अवसर सिद्ध हुआ।

## खबर संक्षेप

### सक्षम विद्यालय ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**गीदम।** 77वें भारत गणतंत्र दिवस समारोह जिला मुख्यालय में अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह से मनाया गया। आयोजित समारोह में परेड, विभिन्न विभागों का झांकी प्रदर्शन के साथ साथ छात्र-छात्राओं के द्वारा बहुरंगी मनमोहक सामूहिक लोक नृत्यों एवं देशभक्ति से गणतंत्र दिवस समारोह में चार चांद लगा दिए। गीदम विकासखंड के अटल बिहारी वाजपेयी एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित सक्षम विशेष बाधारहित आवासीय विद्यालय के छात्र- छात्राओं की प्रस्तुति में संस्कृति एवं एकता का समावेश रहा। सक्षम विद्यालय के बच्चों ने बस्तर पंडुम एवं छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति विषय पर नृत्य प्रस्तुति दी। 77वें भारत गणतंत्र दिवस जिला स्तरीय समारोह में सक्षम विद्यालय के दिव्यांग बच्चों के सांस्कृतिक प्रस्तुति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव के करकमलों से प्रथम पुरस्कार शील्ड से बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

### नवसाक्षरों के किए कार्यों की सराहना



**गीदम।** गीदम विकासखंड अंतर्गत सभी शालाओं में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत उल्लास मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवसाक्षरों ने विभिन्न प्रकार के शिक्षण-अधिगम सामग्री के आकर्षक स्टॉल लगाए गए। मेले में ग्रामीण जनों, अभिभावकों एवं उपस्थित अतिथियों ने सभी काउंटरों का भ्रमण किया तथा नवसाक्षरों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान नवसाक्षरों में आत्मविश्वास एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी गीदम भवानी पुनेम ने अपने वक्तव्य में कहा कि उल्लास साक्षरता कार्यक्रम समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। नवसाक्षरों द्वारा प्रस्तुत गतिविधियां अत्यंत प्रेरणादायक हैं।

### जल जीवन मिशन गांव आया, बच्चों सयानों के लिए खुशियां लाया



**दंतेवाड़ा।** रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर के ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत विशेष सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम पूरे उत्साह और जनभागीदारी के साथ आयोजित किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं कार्यपालन अभियंता, जिला जल स्वच्छता समिति के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में छात्रों एवं शिक्षकों को जल जीवन मिशन की जानकारी दी गई, जहां ड्रॉइंग प्रतियोगिता, विद्यार्थियों द्वारा वॉल पेंटिंग, शपथ कार्यक्रम एवं एफटीके के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। इसके अलावा बच्चों ने रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल का संदेश ग्रामीणों तक पहुंचाया।

## महात्मा गांधी के नाम और विचारधारा को मिटाने की साजिश

# मनरेगा को कमजोर करना गरीबों के अधिकारों पर हमला : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

विधायक लखेश्वर बघेल ने केंद्र सरकार की मनरेगा नीति पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि मनरेगा कोई सामान्य योजना नहीं, बल्कि गरीबों को काम पाने का संवैधानिक अधिकार था। इसे कमजोर करना और निरस्त करने की दिशा में कदम बढ़ाना महात्मा गांधी के नाम और उनके विचारों को जनता की स्मृति से मिटाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि मनरेगा का उद्देश्य देश के गरीब, मजदूर, वंचित और जरूरतमंद वर्ग को सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराना था।



- भ्रष्टाचार बढ़ेगा और गरीब मजदूर फिर से शोषण के चक्र में फंस जाएगा : गोपाल

यह योजना अधिकार आधारित कानून के रूप में लाई गई थी, ताकि कोई भी गरीब व्यक्ति काम मांग सके और उसे काम मिलना सुनिश्चित हो। इस कानून की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि इसे पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से लागू किया गया, जिससे गांव स्तर पर रोजगार सृजन हो और ग्रामीण पलायन रुके।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार मनरेगा की उसी मूल भावना को खत्म करना चाहती है सरकार अधिकार शब्द से डरती है, क्योंकि अधिकार मिलने से गरीब सवाल पूछता है। आरोप लगाया कि नए प्रावधानों के तहत केंद्र सरकार यह तय करेगी कि कहां काम होगा और किसे पैसा मिलेगा। इससे भाजपा शासित राज्यों को प्राथमिकता मिलेगी और गैर-भाजपा राज्यों के साथ अन्याय होगा यह न केवल संघीय ढांचे को कमजोर करता है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी प्रहार है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व केंद्र सरकार तीन काले कृषि कानून लेकर आई थी, लेकिन किसानों के एकजुट संघर्ष के सामने सरकार को झुकना पड़ा और कानून वापस लेना पड़ा। यह साफ प्रमाण है कि जब जनता संगठित होकर आवाज उठाती है, तो तानाशाही फैसलों को भी रोका जा सकता है।

इस अवसर पर बघेल ने छिंदगांव जैबेल धान खरीदी केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से बातचीत कर धान खरीदी की प्रक्रिया, टोकन व्यवस्था, भुगतान और अन्य समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और शासन की योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिले।

बस्तर विधायक प्रतिनिधि गोपाल कश्यप ने कहा कि मजदूरों का पैसा ठेकेदारों और अफसरों को देने की तैयारी पहले मनरेगा के तहत जो पैसा सीधे मजदूरों को मिलता था, अब उसे ठेकेदारों और अधिकारियों के माध्यम से खर्च करने की योजना बनाई जा रही है इससे भ्रष्टाचार बढ़ेगा और गरीब मजदूर फिर से शोषण के चक्र में फंस जाएगा। मानसिंह कवासी ने आरोप लगाया कि कुछ पूंजीपतियों के लिए देश चलाने की सोच भाजपा चाहती है कि देश की संपत्ति कुछ गिने-चुने पूंजीपतियों के हाथों में सिमट जाए और आम गरीब जनता उन्हीं पर निर्भर रहे। भाजपा का आदर्श भारत वह है, जहां राजा ही सब कुछ तय करे और गरीब सिर्फ आदेश माने।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सोनाधर बघेल, गोपाल कश्यप, मानसिंह कवासी, धनुर्जय कश्यप, शोभामणी दास, विजय दास,घनश्याम नाग, डोमुधर, कुलधर कश्यप, दुमेस्वर, शरद कश्यप, भोलेश्वर कश्यप, मेघनाथ कश्यप, मोहन लाल, जोगेंद्र, सेंदुरलाल, फरशु कश्यप, सोनू, गुप्ती बघेल, मंगलदई, बैशाखु, उर्दव सोनी, निलकुमार, दयमन कश्यप एवं समस्त कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बाबा रामदेव मंदिर में माघ मेला



**गीदम।** बाबा रामदेव का माघ मेला महोत्सव प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी माघ सुदी दूज से माघ सुदी दशम तक गीदम नगर में बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। मेला में प्रतिदिन सुबह और शाम आरती की गई। माघ सुदी छठ को ध्वजा परिवर्तन किया गया और सुदी माघ नवमी को महाआरती का आयोजन किया गया। माघ सुदी दशम को आरती के पश्चात भखारा से आए गायक जीतू पारख के द्वारा संपूर्ण रात्रि बाबा के भजनों के द्वारा जम्मा जागरण किया गया। श्रोताओं ने सुमधुर गीतों का बहुत आनंद लिया। युवा संघ के द्वारा लक्की ड्रा भी निकाला गया, जिसमें कई लोगों ने भाग लिया और पुरस्कार जीते। इस आयोजन में बाबा रामदेव समिति, युवा संघ और समस्त भक्तगण गीदम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आयोजन बाबा रामदेव के प्रति श्रद्धालुओं की भक्ति और आस्था का प्रतीक है।

### कलेक्टर और सीईओ मेला में हुए शामिल



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे ने बीजापुर ब्लॉक के अत्यंत सुदूर और संवेदनशील क्षेत्र कमकानार पहुंच कर माता गुड़ी देवी तुलडोकरी के भव्य और विशाल मेले में पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिए। यह विशाल मेला प्रतिवर्ष धूमधाम से आयोजित होता है जिसमें उड़ीसा तेलंगाना महाराष्ट्र आंध्र प्रदेश सहित दूर दराज के श्रद्धालु गण आते है। कलेक्टर एवं सीईओ के मेला आगमन पर ग्रामीणों ने आत्मीयता पूर्वक स्वागतम किए। वहीं सरपंच राजमती ओयाम पुजारी वेंकटराव मंदिर समिति के मुखिया संजय कुमार उइका सहित ग्रामीणों ने मूल भूत समस्याओं और मांगो से अवगत कराया। जिसमें बिजली पानी सड़क पुल शामिल है। कलेक्टर ने पूर्व में स्वीकृत दो स्कूल भवन और आंगनबाड़ी भवन के निर्माण कार्य जल्द शुरू करने को कहा वहीं शेष मांगों का जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत बीजापुर पीआर साहू भी मौजूद थे।

### यातायात सप्ताह पर थाना में जागरुकता कार्यक्रम



**बस्तर।** यातायात सप्ताह दिवस के अवसर पर पुलिस थाना बस्तर में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी सुरेश कुमार जांगड़े एवं एसआई अरुण सिन्हा ने जानकारी दी की मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों का पालन करने और मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने के लिए लोगों को जागरूक करना था। ऑनलाइन कोरियर सर्विस के डिलवरी बॉय को थाना परिसर में उपस्थित कराया गया, जिन्हें हेलमेट सहित उपस्थित होने निर्देश किया गया था। उन्हें यातायात नियमों का पालन करने और मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने की समझाइश दी गई। उपस्थित लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने के महत्व के बारे में विस्तार से समझाईश दी गई, जिससे वे गन्तव्य रवाना हुए और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### नवसाक्षरों ने दिखाई प्रतिभा



**बस्तर।** केंद्र सरकार की अनूठी पहल उल्लास नवभारत साक्षर कार्यक्रम के तहत बस्तर विकासखंड के सभी ग्रामों में उल्लास मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में नवसाक्षरों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर नवसाक्षरों ने 14 प्रकार के स्टॉल लगाकर अपने द्वारा सीखे गए अक्षर ज्ञान, लिखना और पढ़ने की जानकारी साझा की। शिक्षा विभाग, जनप्रतिनिधियों और ग्राम सरपंचों का भरपूर सहयोग मिला। उल्लास नवभारत विकासखंड नोडल और सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि इस मेले की तैयारी एक सप्ताह से चल रही थी। उन्होंने कहा कि नवसाक्षर का सर्वे कार्य निरंतर किया जाएगा और बस्तर ब्लॉक को पूर्ण साक्षर बनाने का लक्ष्य जल्द पूरा किया जाएगा।



## कांग्रेस का मनरेगा बचाओ अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के तहत रोजगार दिए जाने वाले नाम का परिवर्तन एवमं अधिनियम में परिवर्तन को लेकर कांग्रेस लगातार हल्ला बोल रही है। ब्लॉक स्तर पर जारी कार्यक्रमों के तौर पर कांग्रेस अपने पदाधिकारियों एवमं पार्टी कार्यकार्ताओं के साथ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच भाजपा की मंशा गिनाते हुए इस का विरोध कर रही है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के नाम बदल दिए जाने तथा अब विकसित भारत-जी राम जी का नाम दिए जाने पर कांग्रेस लगातार भाजपा को घेर रही है। कोंटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाले बंडा ग्राम पंचायत से नवनियुक्त कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष उस्मान अली के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ अभियान की शुरुआत की गई। प्रदेश कांग्रेस व जिला कांग्रेस के निर्देशों का पालन करते हुए कांग्रेस गांव गांव पदयात्रा के तहत पहुँच महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के नियमों को भाजपा द्वारा बदले जाने की बात करते इसका विरोध कर रही है। बंडा क्षेत्र से शुरुआत अभियान बीते दिनों जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरीश कावासी के मुख्यअतिथि में वांजमगुड़ा से प्रारंभ होकर मेटागुड़ा आसिरगुड़ा इंजरम होते हुए फंदीगुड़ा में भव्य रूप से समापन हुआ। पदयात्रा का उद्देश्य मनरेगा योजना की रक्षा, मज़दूरों के अधिकारों की आवाज़ बुलंद करना और ग्रामीण रोज़गार को मजबूत करना रहा। इस दौरान हरीश कवासी के साथ उस्मान अली बोड्डु राजा सोयम भीमा जिला पंचायत अध्यक्ष सोयम मंगम्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, ग्रामीणजन एवं मज़दूर साथी शामिल हुए।

कोंटा में मनरेगा बचाओ पदयात्रा के रूप चल रही यह अभियान आज मराईगुड़ा पंचायत में एक महत्वपूर्ण जन जागरूकता कार्यक्रम में पहुंची। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कोंटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उस्मान अली द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को मनरेगा योजना की महत्ता, मजदूरों के अधिकार तथा केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर किए जाने के प्रयासों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों, मजदूरों एवं आदिवासी समुदाय के लिए रोजगार की रीढ़ है।

# देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

राज्य के अंतिम छोर पर बसा कोंटा ब्लॉक मुख्यालय में कोंटा पत्रकार संघ की ओर से एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलित भारत माता की पूजा अर्चना एवं शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपूंजे की छायाचित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित मौन धारण कर राज्यगीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

तत्पश्चात एसडीएम कोंटा सुभाष शुक्ला, जनपद सीईओ सुमीत ध्रुव, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रजत नाग, दोरनापाल पुलिस अनुविभागीय अधिकारी निशांत पाठक, तहसीलदार गिरीश निंबलकर, बीईओ श्रीनिवास राव, थाना प्रभारी सलीम काका, सीएमओ नपं झम्मन लाल साहू, बीआरसी वीरभद्र राव, मंडल संयोजक श्रीनिवास राव सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उस्मान अली, सीपीआई नेता रमनाराव, पार्षद प्रियंका, पार्षद पी विजय, अन्नपूर्णा दुबे, सेवा निवृत्त शिक्षक सीएच राजशेखर, शिक्षिका सच्चवती नाग का पत्रकारों ने स्वागत किया। एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में कोंटा ब्लॉक मुख्यालय में संचालित 10 शैक्षणिक संस्थाओं ने सांस्कृतिक देश भक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किए प्रतिभागियों का चयन वरिष्ठ शिक्षक सीएच राजशेखर और शिक्षिका सच्चवती नाग ने किया। इस बीच पत्रकारों ने वरिष्ठ पत्रकार के हरिसिंह का शाल व श्रीफल से सम्मान करते हुए। कोंटा क्षेत्र से नक्सल मोर्चे पर शहादत हासिल किए शहीद परिवारों का शाल व श्रीफल के साथ आला अधिकारियों हाथों सम्मान कराया गया। कार्यक्रम की सराहना मुख्य अतिथियों के तौर पहुंचे आला अधिकारीगण एवं राजनितिक दलों से जुड़े वरिष्ठ जनों ने की। कार्यक्रमों की प्रस्तुति स्वामी आत्मानंद विद्यालय, डीएव्ही विद्यालय, ज्योति कॉमेंट, एकलव्य विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका आश्रम, पीएमटी बॉयज छात्रावास, पोटाकेबिन, नवीन शासकीय महाविद्यालय के अध्ययनरत नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों द्वारा दी गई। जिसमें प्रथम स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका आश्रम, द्वितीय स्थान एकलव्य विद्यालय तथा तृतीय नवीन शासकीय महाविद्यालय रहा। जिन्हें शील्ड एवमं सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जगमोहन ने की तो वहीं आभार व्यक्त पत्रकार तपन ठाकुर ने किया।

- संस्थाओं, शहीद परिवारजों सहित वरिष्ठ जनों अधिकारियों का हुआ सम्मान





एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम

### पत्रकार समाज का दर्पण : एसडीएम

कोंटा एसडीएम सुभाष शुक्ला ने एक शाम शहीदो के नाम कार्यक्रम में पत्रकारों के कर्तव्यों को गिनाते हुए कहा बस्तर में शांति बहाली के लिए जिन वीर जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देते हुए शांति स्थापना के दिशा में जो कार्य किया उन्हें सादर नमन करता हूं। शहादत केवल जीवन का नहीं शहादत अमूल्य समय का भी होता है। पत्रकार समाज का दर्पण है। बस्तर में शांति बहाली के करीब पहुंचने के साथ पत्रकारों की भूमिकाएं और बढ़ने तथा शासन प्रशासन के द्वारा बीहड़ जंगलों में पहुंच अपनी सेवा दिए जाने मिलकर काम करने की अपेक्षा जाहिर करते हुए पिछड़ों को मुख्यधारा में लाने पर बल दिया। एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम को पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष अतिथि के तौर पर पहुंचे दोरनापाल एसडीओपी निशांत पाठक ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा जैसे एक मां का दुख बेटे को खो देने तथा एक पत्नी का दुख एक पति को खो देने पर नहीं लिखा जा सकता वैसे ही आप लोग किस सम्मान के हकदार हैं उसके लिए भाषा में शब्द कम पड़ जाएंगे।

# देशभक्ति के रंग में रंगा नगर, राष्ट्रगान का वंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

नगर के सभी शासकीय, अर्धशासकीय व शैक्षणिक संस्थानों में गणतंत्र दिवस पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया तथा पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया।

नगर पालिका प्रांगण के साथ साथ मुख्य कार्यक्रम स्थल पीएम श्री विद्यालय प्रांगण में नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा तिरंगे झंडे को सलामी देकर सामूहिक रूप से राष्ट्र गान का वंदन किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने समस्त नगर वासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री का संसद वाचन पश्चात नगर के सभी शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। राजू जायसवाल द्वारा समस्त प्रतिभागी बच्चों को इनाम वितरित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष के साथ समस्त पार्षद गण, पालिका अधिकारी कर्मचारी, समस्त शालाओं के अध्यापक प्राचार्य विद्यार्थी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता तथा आम जन उपस्थित थे।

बचेली उच्चतर माध्यमिक शाला में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती ने तिरंगा फहराया। पीएम श्री प्राथमिक शाला में पार्षद दीपक सरकार, डीएनके 2 प्राथमिक शाला में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुमित सरकार, लेबरहाटमेंट प्राथमिक शाला में ठेकेदार संघ के अध्यक्ष मनोज सिंह, लेबरहाटमेंट माध्यमिक शाला में वरिष्ठ व्यवसाई निलेश पटले, कन्या शाला में महिला नेत्री पुष्पा सिंह, आदर्श माध्यमिक शाला में भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल, डीएनके 1 प्राथमिक शाला में व्यवसाई बादल कुंडू, प्राथमिक शाला रेलवे कॉलोनी में पार्षद श्याम लाल सेठिया द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर सलामी दी गई।



**खबर संक्षेप**

### चित्रकोट पर्यटन स्थल में कचरे को इधर उधर न फेंकने की दी समझाइश



**जगदलपुर।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चित्रकूट जलप्रपात को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से कुटुम्ब ह्यूमैनिटी वेलफेयर फाउंडेशन की टीम ने स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। यह पहल इसलिए जरूरी है क्योंकि पर्यटकों और स्थानीय गतिविधियों के कारण कचरा और गंदगी की समस्या लगातार बढ़ रही थी। टीम ने साफ-सफाई के साथ गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण को लेकर दुकानदारों और स्थानीय लोगों को जागरूक किया। टीम ने 25 डस्टबिन बनाकर चित्रकूट क्षेत्र में लगाए, ताकि कचरा इधर-उधर न फेंका जाए और स्वच्छता बनी रहे। सदस्यों ने दुकानदारों से संवाद कर उन्हें स्वच्छता के महत्व को समझाया और नियमित रूप से कचरा डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित किया। फाउंडेशन ने स्पष्ट किया कि चित्रकूट केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि प्राकृतिक धरोहर है, जिसकी रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### दिनेश मिश्रा बने वरिष्ठ स्टॉफ ऑफिसर

**जगदलपुर।** उत्कल समाज जगदलपुर निवासी तथा वर्तमान में रायपुर के देवपुरी निवासी मंत्रालय में पदस्थ दिनेश मिश्रा को वरिष्ठ स्टॉफ आफिसर (उप सचिव के समकक्ष) पद पर पदोन्नति मिली है। स्टेनोग्राफर से नौकरी की शुरूआत कर कलेक्टर, कमिश्नर और मुख्य सचिव तक के स्टेनो और निजी स्टाफ में रहे। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में लंबे समय तक सेवारत दिनेश के पदोन्नति पर उत्कल समाज ने हर्ष जताया है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा जगदलपुर के सरकारी स्कूलों में हुई। बस्तर कलेक्टोरेट और कमिश्नरी में लंबे समय तक सेवा देने के बाद भोपाल और रायपुर मंत्रालय में अनेक आईएएस अफसरों के साथ कार्य किए।



## स्वर्ण-रजत सहित कलशों से संपन्न हुआ महाअभिषेकम

# गंगाजल, दूध, दही, शहद और घी से हुआ भगवान बालाजी का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भगवान वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर में रजत जयंती महोत्सव के पावन अवसर पर आज पूरा मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास से सराबोर रहा। महोत्सव की श्रृंखला में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी का भव्य महाअभिषेकम विविध कलशों से विधिवत संपन्न हुआ। जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

■ गरुड़ रथ पर सवार भगवान का आगमन, उमड़े श्रद्धालु

महाअभिषेकम के दौरान 1 स्वर्ण कलश, 201 रजत कलश, 111 कास्य कलश एवं 300 लक्ष्मी कलश से गंगाजल, दूध, दही, शहद, शक्कर, पुष्परस, सुगंधित द्रव्य एवं घी अर्पित कर अभिषेक किया गया। इस दिव्य अनुष्ठान के साक्षी बनने हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। अभिषेक उपरांत महाप्रसाद वितरण हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया।

महोत्सव के अंतर्गत आज शाम 7 बजे भगवान वेंकटेश्वर स्वामी का विवाह माता अंडालम्मा देवी (भू-देवी) एवं माता पद्मावती (लक्ष्मी जी) के साथ संपन्न हुआ। विशेष आकर्षण में भगवान बालाजी गरुड़ रथ पर सवार होकर शोभायात्रा के साथ विवाह स्थल पहुंचे।





**रजत जयंती महोत्सव की दिव्य श्रृंखला**

महाअभिषेकम के लिए स्वर्ण, रजत, कास्य और लक्ष्मी कलशों का विधिवत संकल्प लिया गया। तत्पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक संपन्न हुआ। अभिषेक के बाद महाप्रसाद वितरण ने सेवा-भाव को सुदृढ़ किया। महोत्सव आस्था, भक्ति और सनातन परंपरा का अनुपम संगम बना।

# एनएच के 28 किमी सड़क में मरम्मत व रोड मार्किंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सड़क हादसों में कमी लाने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए बस्तर जिले में लगभग दो करोड़ की लागत से 28 किमी के राष्ट्रीय राजमार्ग पर मरम्मत का कार्य और रोड मार्किंग की गई है। इस कार्य में केशलूर, आड़ावाल से धनपूंजी सड़क में पेचवर्क एवं रोड मार्किंग किया गया, साथ ही खतरनाक ब्लैक स्पॉट का बोर्ड लगाया गया, रात में और तेज गति से होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

■ रात में व तेज गति से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने लगाया बोर्ड

इससे यात्रियों का सफर सुविधाजनक और आसान हो जाएगा। इस सड़क का निरीक्षण लोक निर्माण विभाग जगदलपुर संभाग के एसडीओ एके कुंजाम ने उपयंत्री अजय कुमार गहलोत की टीम ने हॉल ही में किया। उन्होंने कहा कि सड़क की मरम्मत एवं रोड मार्किंग से लोगों को सफर आसान हो सकेगा।

**समय सीमा में पूरा करें कार्य**

एसडीओ ने उसके बाद केशलूर स्थित आरओबी निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया, जहां ठेकेदार को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा करें।

# बस्तर पंडुम जनजातीय अस्मिता, विरासत और आत्मगौरव का विराट उत्सव : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग की समृद्ध जनजातीय कला, संस्कृति और परंपराओं को सजीव मंच प्रदान करने वाला बस्तर पण्डुम केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि बस्तर की आत्मा, पहचान और सामुदायिक जीवन का उत्सव बनकर उभरा है। ग्राम पंचायत स्तर से लेकर सम्भाग स्तर तक तीन चरणों में आयोजित यह महोत्सव बस्तर की मिट्टी, उसकी विरासत और उसकी जीवंत परंपराओं को एक सूत्र में पिरो रहा है। यह बातें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव ने कही।

■ राष्ट्रपति और गृहमंत्री आएंगे बस्तर



उन्होंने कहा इस आयोजन के माध्यम से बस्तर की 12 प्रमुख पारंपरिक विधाओं नृत्य, संगीत, गीत, नाट्य, शिल्प, चित्रकला, पारंपरिक व्यंजन एवं वन-औषध का प्रदर्शन किया जा रहा है। यह मंच आदिवासी समाज की उस सांस्कृतिक धरोहर को सामने ला रहा है, जिसे गढ़ने में सदियों का समय लगा और जिसे बचाने में अनगिनत बलिदान दिए गए। बस्तर पण्डुम का उद्देश्य मनोरंजन से आगे बढ़कर लोकसंस्कृति के संरक्षण और उसे वैश्विक पहचान दिलाना है।

देव ने बताया आयोजन में जनसहभागिता जिस प्रकार स्वतःस्फूर्त रूप से सामने आई है, वह इस बात का संकेत है कि बस्तर की नई पीढ़ी अब भय और हिंसा की परछाइयों से बाहर निकलकर विकास, शांति और सुरक्षा के वातावरण में अपने भविष्य को आकार देने के लिए आगे बढ़ रही है। बस्तर की पहचान केवल उसके जंगल, झरने और गुफाएं नहीं, बल्कि यहाँ के सीधे-सादे लोग, उनकी परंपराएँ और जीवनदायिनी वनस्पतियाँ हैं, जो इस उत्सव के माध्यम से नए संदर्भों में सामने आ रही हैं।

उन्होंने कहा बस्तर पण्डुम ने यह भी स्पष्ट किया है कि जनजातीय समाज अपनी जड़ों से जुड़ते हुए आधुनिक भारत के सांस्कृतिक परिदृश्य में मजबूती से खड़ा है। यह आयोजन बस्तर को राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है।

आयोजन के तहत 7 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उद्घाटन करेंगी। जबकि 9 फरवरी को समापन सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सहभागिता प्रस्तावित है।

# भगवान रामदेव की निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भगवान रामदेव मंदिर के रजत जयंती समारोह के अवसर पर गुरुवार को नगर में भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें माहेश्वरी समाज सहित भगवान रामदेव के अनुयायियों की सहभागिता देखने को मिली। शोभायात्रा में देवी-देवताओं के सजीव रूपों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भगवान महादेव और भगवान गणेश का विशाल रूप धारण किए दो युवाओं ने पूरी यात्रा के दौरान आकर्षण का केंद्र बने रहकर आस्था की छटा बिखेरी। वहीं एक युवा घोड़े पर सवार होकर भगवान रामदेव के स्वरूप में नगर भ्रमण करता नजर आया, जिसने श्रद्धालुओं की भावनाओं को गहराई से छुआ।

■ देवी-देवताओं के सजीव रूप बने श्रद्धा का केंद्र

■ लाल-श्वेत परिधान में सजे समाजजन, पुष्पवर्षा और स्वागत से गूंजे चौक-चौराहे





शोभायात्रा में मातृशक्तियां गहरे लाल रंग की साड़ियों में, जबकि पुरुष सफेद कुर्ता-पायजामा, सिर पर लाल पगड़ी-साफा और हाथों में पारंपरिक अस्त्र लेकर अनुशासित पंक्तियों में चलते दिखाई दिए। यह शोभायात्रा कुम्हारपारा स्थित भगवान रामदेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। मार्ग में विभिन्न चौक-चौराहों पर पुष्पवर्षा और शीतल पेयजल से श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत किया गया, जिससे पूरा नगर भक्तिरस में सराबोर हो गया।

बुधवार की देर रात तक मंदिर परिसर भजन और जसगीत की मधुर ध्वनि से गूंजता रहा। राजस्थान से विशेष रूप से पहुंची भजन मंडली ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति और उल्लास में डुबो दिया। देर रात तक चले जम्मा-जम्मा जसगीत में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता से वातावरण अत्यंत भक्तिमय बना रहा।

शोभायात्रा का स्वागत पूर्व विधायक संतोष बाफना के साथ उनके समर्थक एवं समाज के लोग, गुरूनानक चौक में पूर्व विधायक रेखचंद जैन सपरिवार पूजा-अर्चना एवं आरती की। जहां उनके साथ बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे। वहीं बुधवार की रात्रि जसगीत कार्यक्रम में विधायक किरण देव सपरिवार पूजा में सम्मलित हुए और बस्तर, छत्तीसगढ़ तथा देश की सुख-समृद्धि के लिए मंगलकामना की।

# 60 साल बेमिसाल मिलन समारोह में शामिल हुए गुरूदेव और पूर्व छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शाउमावि लोहंडीगुड़ा में 60 साल बेमिसाल पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस शाला का सत्र 1966 में प्रारंभ हुआ। जो 2026 में 60 वर्ष पूर्ण हो गया । इस अवसर पर पूर्व छात्रों के द्वारा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व गुरुजनों तथा पूर्व छात्रों से संपर्क कर इस आयोजन के लिये शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केंद्र पूर्व गुरुजन थे । गुरुदेव के रूप में सारंगधर पाणिग्राही, श्रीवास्तव सर, त्रिवेदी सर, द्विवेदी सर, सुरेश ठाकरे, राजेंद्र देवांगन, मुरलीधर तिवारी, संतोष गर्ग , पुष्पा चंद्रा, रीना दत्ता, अनिल पाण्डे एवम पूर्व छात्र के रूप में आयोजन समिति के संरक्षक दीपक बैज, लच्छू राम कश्यप, कमलोचन कश्यप, शंकर बघेल, डॉ मंगतू कश्यप, बलीराम बघेल पूर्व छात्र शामिल हुए। दूर से आए गुरुजनों एवम पूर्व छात्रों की ठहरने की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षकों तथा प्रथम बैच के छात्रों का श्रीफल एवम शॉल से सम्मानित किया गया। गुरुजनों एवम पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव विचार साझा किए। इस दौरान भावुकता के पल को सभी ने अनुभव किया। पुराने मित्रों, सहपाठियों से मिलकर सभी पूर्व छात्रों ने अपने अपने कक्षा में बैठकर पुराने दिनों को याद किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम को सभी ने अद्भुत, अविस्मरणीय तथा ऐतिहासिक पलों को कैमरे में कैद किया।

■ पूर्व विधायक लच्छु कश्यप, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व डीआईजी कमलोचन कश्यप ने विद्यार्थी जीवन को किया याद




# धान उपार्जन में अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावण्ड

किसानों को धान जमा करने में आ रही समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग को लेकर आज कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने बकावंड मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। किसानों को धान उपार्जन में हो रही आर्थिक परेशानियों, टोकन नहीं कटने तथा बढ़ती महंगाई को देखते हुए बकावंड, करपावंड ब्लॉक कांग्रेस के निदेर्शानुसार यह आंदोलन आयोजित किया गया।

इस दौरान बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल, प्रेमशंकर शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष बकावण्ड शिवराम बिसाई, करपावण्ड ब्लॉक अध्यक्ष सोनाधर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे। किसानों की समस्याओं को लेकर आक्रोशित कांग्रेस नेताओं व किसानों ने बकावंड में धरना दे कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया।



विरोध प्रदर्शन के पश्चात सभी प्रदर्शनकारी बकावण्ड तहसील कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे। जहां सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में नारेबाजी की गई। तत्पश्चात तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा गया।

# लोक भवन में बस्तर का प्रतिनिधित्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

लोक भवन रायपुर में राज्यपाल रमन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं अन्य जनों की उपस्थिति में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 38 लोगों में से बस्तर जिला से दो लोगों को चयनित कर आमंत्रित किया गया था। 26 जनवरी को स्वागत समारोह एट होम में संध्या 6 बजे लोक भवन में स्वागत समारोह जिनमें बस्तर जिला से विधु शेखर झा को पर्यावरण योद्धा के रूप में पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए आमंत्रित किया गया था। झा विकासखंड तोकापाल में शिक्षक के कार्य करते हुए शेष समय में सामाजिक कार्य से जुड़े हुए अनेक कार्य करते आ रहे हैं। उन्होंने पर्यावरण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। वर्तमान समय में वे भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी पर्यावरण उप समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाते हुए पर्यावरण संबंधी उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। जगदलपुर नगर निगम में लंबे समय से स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के रूप में भी अपने साथियों के साथ स्वच्छता के क्षेत्र में समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही अन्य अनेक समाज हित के कार्य भी समय-समय पर करते रहते हैं विधु शेखर झा के साथ शहीदों के निकटतम परिजन के रूप में दयमती सेठिया भी आमंत्रित थी। नोडल अधिकारी के रूप में बस्तर बीआरसी अजंबर कोर्राम, सहयोगी पिंकी सेठिया भी साथ थे।

■ पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए किया आमंत्रित










